प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन
18.45 सोमवार दिनांक 01.12.2025

मुख्य समाचारः—

- संसद का शीतकालीन सत्र आज से शुरू—प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि शीतकालीन सत्र केवल एक परम्परा ही नहीं, बल्कि भारत को विकास की ओर ले जाने के प्रयासों को बल देता है।

- मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजना के तहत तेरह नगर निगमों में छब्बीस कार्यों के लिए चार सौ उनतीस करोड़ पैंतालीस लाख रुपए मंजूर किए गए।

- प्रदेश में आज से दो सौ यूनिट हाफ बिजली योजना लागू हो गई है।

- 'बस्तर पंडुम' का आयोजन पांच जनवरी से पांच फरवरी तक किया जाएगा—बारह प्रमुख विधाओं में होंगी प्रतियोगिताएं।

संसद—शीतकालीन सत्र

संसद का शीतकालीन सत्र आज से शुरू हो गया है। इस सत्र में उन्नीस दिनों की अवधि में कुल पन्द्रह बैठकें होंगी। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण सहित विभिन्न मुद्दों पर विपक्ष के हंगामे के बाद लोकसभा की कार्यवाही दिनभर तक के लिए स्थगित कर दी गई। इससे पहले, नारेबाजी के बीच वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने तंबाकू और उससे संबंधित उत्पादों पर उत्पाद शुल्क लगाने के लिए केंद्रीय उत्पाद शुल्क संशोधन विधेयक पेश किया। श्रीमती सीतारमण ने पान मसाला जैसी विशिष्ट वस्तुओं के उत्पादन पर उपकर लगाने के लिए स्वास्थ्य सुरक्षा से राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर विधेयक भी पेश किया।

वहीं, राज्यसभा में सुबह ग्यारह बजे कार्यवाही शुरू हुई। आज पहली बार राज्यसभा की अध्यक्षता करने वाले सदन के सभापति सी. पी. राधाकृष्णन का स्वागत करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि श्री राधाकृष्णन का एक साधारण पृष्ठभूमि से उपराष्ट्रपति पद तक का सफर देश के लोकतंत्र की ताकत को दर्शाता है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि शीतकालीन सत्र केवल एक परम्परा ही नहीं बल्कि भारत को विकास की ओर ले जाने के प्रयासों को बल देता है। संसद के शीतकालीन सत्र से पहले संवाददाताओं को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि भारत ने सिद्ध कर दिया है कि लोकतंत्र परिणाम दे सकता है।

## विश्व एड्स दिवस

आज विश्व एड्स दिवस है। इस अवसर पर केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने एचआईवी और एड्स के बारे में बेहतर समझ की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। सोशल मीडिया पोस्ट में, उन्होंने इसके प्रसार को रोकने के लिए इसके उपायों और शीघ्र जांच के महत्व पर बल दिया।

श्री नड्डा ने यह भी कहा कि एचआईवी के बारे में जागरूकता पैदा करना और एड्स से जुड़े कलंक और भेदभाव का मुकाबला करना समाज की सामूहिक ज़िम्मेदारी है।

## मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजना

राज्य शासन ने मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजना के तहत तेरह नगर निगमों में छब्बीस कार्यों के लिए चार सौ उनतीस करोड़ पैंतालीस लाख रुपए मंजूर किए हैं। इनमें ऑक्सीजोन, स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, अंतरराज्यीय बस टर्मिनल, ऑडिटोरियम, तालाब सौंदर्यीकरण, सड़क चौड़ीकरण सहित अन्य कार्य शामिल हैं।

उप मुख्यमंत्री और नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने बताया कि मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजना के तहत पहले चरण में राज्य के सभी नगर निगमों को शामिल किया गया है। चरणबद्ध रूप से इसे सभी नगरीय निकायों में लागू किया जाएगा।

## एसआईआर

भारत निर्वाचन आयोग ने कहा है कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण– एस.आई.आर के दूसरे चरण में अब तक पचास करोड़ तिरालीस लाख फॉर्म वितरित किए जा चुके हैं। इस चरण में लगभग इंक्यावन करोड़ मतदाताओं में से निन्यानवे दशमलव सात दो प्रतिशत का पुनरीक्षण किया जाएगा। आयोग ने कहा है कि अब तक लगभग चालीस करोड़ फॉर्मों का डिजिटलीकरण किया जा चुका है।

वहीं, छत्तीसगढ़ में भी इन दिनों मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य जारी है। बीएलओ घर–घर जाकर पंजीकृत मतदाताओं के गणना प्रपत्रों के संग्रहण और डिजिटलीकरण का कार्य कर रहे हैं। अब तक एक करोड़ बयानवे लाख से अधिक गणना प्रपत्रों का डिजिटलीकरण पूरा किया जा चुका है। यह कुल पंजीकृत मतदाताओं का लगभग इंक्यानवे प्रतिशत है।

## हाफ बिजली बिल योजना

प्रदेश में आज से दो सौ यूनिट हाफ बिजली योजना लागू हो गई है। इससे छत्तीस लाख घरेलू बिजली उपभोक्ता लाभान्वित होंगे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विधानसभा के विशेष सत्र में इसकी घोषणा की थी। प्रदेश के ऐसे घरेलू उपभोक्ता जिनकी दो सौ यूनिट तक बिजली खपत है, उन्हें दौ सौ यूनिट तक हाफ बिजली का पूरा लाभ मिलेगा। दौ सौ से चार सौ यूनिट तक बिजली खपत करने वाले उपभोक्ताओं को भी अगले एक साल तक दो सौ यूनिट तक हॉफ बिजली बिल का लाभ मिलेगा। इससे छह लाख उपभोक्ताओं को लाभ होगा। इन उपभोक्ताओं को एक वर्ष तक की छूट दी गई है, ताकि वे अपने घरों में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत सोलर प्लांट स्थापित करा सके।

## केन्द्र सरकार–पुरस्कार योजना

केन्द्र सरकार ने लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार योजना को मंजूरी दे दी है। केन्द्रीय कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय ने कहा है कि इन पुरस्कारों का उद्देश्य देशभर के लोक सेवकों के योगदान को मान्यता देना है। मंत्रालय के अनुसार प्रधानमंत्री पुरस्कारों में एक ट्रॉफी, प्रशस्ति पत्र और बीस लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि होगी। ये पुरस्कार अगले वर्ष इक्कीस अप्रैल को लोक सेवा दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में प्रधानमंत्री प्रदान करेंगे।

बस्तर—पंडुम

'बस्तर पंडुम' का आयोजन आगामी पांच जनवरी से पांच फरवरी तक किया जाएगा। इसके तहत बारह प्रमुख विधाओं में प्रतियोगिताएं होंगी। इनमें बस्तर के पारंपरिक नृत्य—गीत, रीति—रिवाज, जनजातीय नृत्य, वाद्ययंत्र, शिल्प, पारंपरिक व्यंजन, जनजातीय गीत, वेशभूषा, चित्रकला, आंचलिक साहित्य, जनजातीय नाट्य, जनजातीय आभूषण, पेय पदार्थ और वन—औषधी के प्रदर्शन पर आधारित प्रतियोगिताएं शामिल हैं। ये प्रतियोगिताएं जनपद, जिला और संभाग स्तर पर आयोजित की जाएंगी।

प्रतियोगिता का पहला चरण पांच से पन्द्रह जनवरी तक जनपद स्तर पर होगा। दूसरा चरण बीस से पच्चीस जनवरी तक जिला स्तर पर और अंतिम चरण एक से पांच फरवरी तक संभाग स्तर पर होगा। प्रत्येक चरण के विजेताओं को पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे।

बस्तर ओलंपिक—प्रतियोगिता

बस्तर ओलंपिक के तहत संभाग स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन ग्यारह से तेरह दिसम्बर तक जगदलपुर में किया जाएगा। इसमें जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं के तीन हजार विजेता खिलाड़ी संभाग स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे। करीब पांच सौ नक्सल पीड़ित और पुनर्वासित नक्सली भी इन स्पर्धाओं में हिस्सेदारी

करेंगे। एथलेटिक्स, तीरंदाजी, बैडमिंटन, फुटबॉल, हॉकी, वेटलिफ्टिंग, कराटे, कबड्डी, खो–खो, वॉलीबॉल और रस्साखींच में ये खिलाड़ी अपना खेल कौशल दिखाएंगे।

उप मुख्यमंत्री अरूण साव और विजय शर्मा ने रायपुर में आयोजित बैठक में आयोजन के तैयारियों की समीक्षा की। श्री साव ने संभाग स्तरीय प्रतियोगिताओं के सफल आयोजन के लिए सभी विभागों को परस्पर समन्वय के साथ तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

राज्यपाल–प्रशिक्षु आईपीएस

राज्यपाल रमेन डेका ने कहा कि पुलिस को आम जनता से मानवीय दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए संवेदनशीलता के साथ बर्ताव करना चाहिए। पुलिस की छवि, थाने में शिकायत लेकर आने वाले नागरिकों से किए गए व्यवहार से बनती है। पुलिस अधिकारियों को थाने में आए पीड़ित व्यक्तियों की सहायता के लिए तत्पर होना चाहिए। राज्यपाल ने आज राजभवन में भेंट करने आए भारतीय पुलिस सेवा के परीवीक्षाधीन अधिकारियों से मुलाकात के दौरान यह बात कही।

दुर्ग–प्रदर्शन

जमीन की नई गाइडलाइन दर के विरोध में आज दुर्ग के कलेक्टोरेट और रजिस्ट्रार कार्यालय के पास कारोबारियों ने प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने चक्काजाम करने की कोशिश की। इस बीच, प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झूमाझटकी हुई। प्रदर्शनकारियों को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को हल्का बल प्रयोग भी करना पड़ा। पुलिस ने कुछ प्रदर्शनकारियों को हिरासत में ले लिया है। प्रदर्शनकारियों ने राज्य सरकार से जमीन की गाइड–लाइन दरों में संशोधन किए जाने की मांग की है।

स्वास्थ्य केन्द्र–मूल्यांकन

प्रदेश के दंतेवाड़ा और सुकमा जिले में राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक के तहत ग्यारह स्वास्थ्य संस्थानों का मूल्यांकन विश्व स्वास्थ्य संगठन–डब्ल्यूएचओ के तकनीकी सहयोग से कराया गया है। इस मूल्यांकन में सुकमा जिले के बुरड़ी, कंजिपानी, किस्टाराम और गगनपल्ली तथा दंतेवाड़ा जिले के बड़े बचेली, बड़े कमेली, फरसपाल, मडसे, मेलावाड़ा, अरनपुर और कोड़ेनार स्वास्थ्य केन्द्र शामिल हैं।

साइबर ठग–गिरफ्तार

दुर्ग जिले की साइबर पुलिस टीम ने अड़तालीस लाख रूपए की साइबर ठगी करने के मामले में दो आरोपियों को आंध्रप्रदेश से गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से मोबाइल, बैंक पासबुक और एटीएम कार्ड जब्त किए गए हैं। पुलिस के अनुसार इन्स्टाग्राम पर फॉरेक्स ट्रेडिंग में निवेश करने के लिए भेजे गए लिंक पर क्लिक करने से प्रार्थी के बैंक खाते से लगभग अड़तालीस लाख रूपए की ठगी हुई थी।

संक्षिप्त समाचार

- मौसम विज्ञान केन्द्र, रायपुर में कल दो दिसंबर को भारत अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव का पूर्वावलोकन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में भारत मौसम विभाग की उपलब्धियों तथा मौसम संबंधी सेवाओं के प्रचार–प्रसार में इस कार्यालय की भूमिका पर भी प्रकाश डाला जाएगा।

- प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत स्वीकृत आवासों का निर्माण जल्द शुरू करने और समय–सीमा में पूर्ण करने के लिए बलौदाबाजार–भाटापारा जिले की सभी ग्राम पंचायतो में आवास चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। आवास चौपाल के दौरान हितग्राहियों को योजना के बारे में जानकारी दी जा रही है।

<><><><><>